पत्रांक 7176 दि० 20/11/2025

**अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 10.11.2025 को बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, मधेपुरा, मुंगेर, नालंदा, सहरसा, शेखपुरा, पटना, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, दरभंगा एवं समस्तीपुर जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ की गई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः— यथा संधारित।

दिनांक 10.11.2025 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रीमती जे0 प्रियदर्शिनी, भा0प्र0से0, निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय एवं निदेशालय में पदस्थापित सभी जिलों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, पटना, गोपालगंज, सिवान, मुजफ्फरपुर, बक्सर, भोजपुर, वैशाली एवं दरभंगा जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी तथा मधेपुरा, नालंदा, सहरसा, सारण एवं समस्तीपुर जिले के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के साथ विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत जिले में चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई।

उक्त समीक्षात्मक बैठक में संबंधित जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम चरण में किये जा रहे कार्यो की प्रगति निम्नवत पाई गईः—

**SPECIAL SURVEY 2025 :: DISTRICT REPORT :** **PHASE - 1 (Comprative Chart)**

Date : 10-11-2025

| SL. No. | PARAMETERS / District | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) | | | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) | | | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) | | | | Darft Publication Form-12 (Mauza) | | | | Final Publication Form-20 (Mauza) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | April 1st Week | June 2nd Week | Nov 1st Week | Difference | April 1st Week | June 2nd Week | Nov 1st Week | Difference | April 1st Week | June 2nd Week | Nov 1st Week | Difference | April 1st Week | June 2nd Week | Nov 1st Week | Difference | April 1st Week | June 2nd Week | Nov 1st Week | Difference |
| 1 | BEGUSARAI | 10 | 19 | 438 | 393 | 393 | 393 | 0 | 335 | 347 | 347 | 0 | 329 | 336 | 337 | 1 | 303 | 310 | 312 | 2 | 219 | 219 | 219 | 0 |
| 2 | KHAGARIA | 4 | 7 | 157 | 152 | 152 | 152 | 0 | 124 | 127 | 134 | 7 | 124 | 125 | 129 | 4 | 99 | 100 | 105 | 5 | 19 | 29 | 44 | 15 |
| 3 | LAKHISARAI | 5 | 16 | 400 | 369 | 375 | 390 | 15 | 316 | 316 | 316 | 0 | 269 | 269 | 279 | 10 | 269 | 269 | 269 | 0 | 69 | 93 | 121 | 28 |
| 4 | MADHEPURA | 4 | 6 | 114 | 97 | 98 | 98 | 0 | 94 | 94 | 96 | 2 | 71 | 72 | 75 | 3 | 63 | 63 | 65 | 2 | 5 | 18 | 22 | 4 |
| 5 | MUNGER | 5 | 13 | 306 | 304 | 305 | 305 | 0 | 300 | 300 | 300 | 0 | 299 | 299 | 299 | 0 | 298 | 298 | 298 | 0 | 52 | 74 | 74 | 0 |
| 6 | NALANDA | 9 | 17 | 396 | 381 | 381 | 381 | 0 | 360 | 379 | 381 | 2 | 318 | 325 | 327 | 2 | 311 | 312 | 312 | 0 | 20 | 66 | 66 | 0 |
| 7 | SAHARSA | 3 | 5 | 122 | 121 | 121 | 121 | 0 | 83 | 83 | 89 | 6 | 76 | 78 | 83 | 5 | 57 | 60 | 64 | 4 | 7 | 7 | 7 | 0 |
| 8 | SHEIKHPURA | 6 | 15 | 284 | 284 | 284 | 284 | 0 | 275 | 281 | 282 | 1 | 275 | 281 | 282 | 1 | 268 | 272 | 274 | 2 | 223 | 223 | 223 | 0 |
| | Total Count | 46 | 98 | 2217 | 2101 | 2109 | 2124 | 15 | 1887 | 1927 | 1945 | 18 | 1761 | 1785 | 1811 | 26 | 1668 | 1684 | 1699 | 15 | 614 | 729 | 776 | 47 |

1. बेगूसराय जिला से प्राप्त उपरोक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि माह–जून, 2025 के बाद बेगूसराय जिला में विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत खानापुरी, भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–6 की प्रविष्टि एवं प्रपत्र–20 प्रक्रमों में शून्य प्रगति है।

उक्त के आलोक में सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय द्वारा बताया गया कि प्रपत्र–18 (क) में लगान निर्धारण हेतु कुल 38 राजस्व ग्राम भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता के स्तर से लम्बित है तथा कुल 18 राजस्व ग्राम विश्रान्ति हेतु लम्बित है।

इस संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित द्वारा बताया गया कि नवपदस्थापित भूमि सुधार उपसमाहर्ता द्वारा राजस्व महाअभियान तदोपरांत बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 में व्यस्त रहने के कारण प्रपत्र–18 (क) में लगान निर्धारण हेतु 38 राजस्व ग्राम लम्बित है जिसका निष्पादन शीघ्र करा लिया जायेगा तथा संबंधित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के हड़ताल एवं वर्त्तमान में राजस्व महाअभियान अन्तर्गत दिनांक 20.11.2025 तक संबंधित अंचलों में स्कैनिंग कार्य में प्रतिनियुक्त रहने के कारण कुल 18 राजस्व ग्राम विश्रान्ति प्रक्रम में लम्बित है, जिसे संबंधित कर्मियों के उक्त कार्य समापन उपरांत यथाशीघ्र करा लिया जायेगा।

**(अनुपालन – बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय)**

2. बेगूसराय जिला द्वारा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–6 की प्रविष्टि एवं अन्य ऑनलाईन कार्य लम्बित रहने के संबंध में सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय द्वारा बताया गया कि उनके जिले में हड़ताल कर्मियों का लॉगिन आई0डी0 वर्त्तमान में अबतक लॉक रहने के कारण उक्त कार्य नहीं किया जा सका है। उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा भी उनके जिले के विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का उनके जिले में भी लॉगिन आई0डी0 वर्तमान में लॉक होने की सूचना प्रदत्त की गयी।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अबतक हड़ताली कर्मियों का लॉगिन आई0डी0 चालू नही किये जाने पर तत्काल वैसे विशेष सर्वेक्षण कर्मी जिनके हड़ताल पर जाने/नहीं जाने , तय समय–सीमा के अन्दर योगदान करने/तय समय–सीमा उपरांत योगदान करने के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो, का लॉगिन आई0डी0 श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर से प्राप्त मौखिक सहमति के आधार पर दो दिनों में चालू किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही ऐसे कर्मियों की सूची निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – श्री कुणाल किशोर, प्रोग्रामर/स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

3. समीक्षा के क्रम में सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय द्वारा बताया गया कि वर्त्तमान में अपर समाहर्त्ता, बेगूसराय बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय के अतिरिक्त प्रभार में है परन्तु उन्हें प्रपत्र–20 में प्राप्त आपत्ति हेतु शक्ति प्रदत्त नही है।

इस संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित द्वारा बतया गया कि वर्त्तमान में शक्ति प्रदत्त करने हेतु प्रस्ताव समान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को भेजा गया है।

अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को वैसे सभी जिले जहाँ बन्दोबस्त पदाधिकारी को शक्ति प्रदत्त किया जाना है की समीक्षा कर तत्संबंधी समेकित सूची अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराते हुए यथाशीघ्र शक्ति प्रदत्त करने हेतु अनुरोध करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – स्थापना शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

4. समीक्षा के क्रम में खगड़िया जिला में कुल 157 राजस्व ग्रामों में से मात्र 5 राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण अन्तर्गत खानापुरी एवं अन्य प्रक्रम लम्बित रहने के संबंध में पृच्छा करने पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, खगड़िया द्वारा बताया गया कि लम्बित राजस्व ग्रामों में से 3 राजस्व ग्रामों में सर्वस्ता खतियान प्रचलित है। वर्त्तमान में उक्त के आधार पर जमाबंदी भी कायम है तथा संबंधित रैयतों का कब्जा भी है। उनके द्वारा इस संबंध में निदेशालय से मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा उक्त राजस्व ग्रामों के निर्विवाद प्लॉटों के नियमानुसार सर्वेक्षण करने एवं उक्त सर्वेक्षण के क्रम में यदि कोई समस्या उत्पन्न हो तो विशिष्ट विवरण के साथ निदेशालय से मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु पत्र देने का निदेश दिया गया। यह निदेश सभी बन्दोबस्त कार्यालय, बिहार के लिये भी मान्य होगा।

**(अनुपालन – सभी बन्दोबस्त कार्यालय, बिहार)**

5. समीक्षा के क्रम में नालंदा जिला में कुल 396 राजस्व ग्रामों में से मात्र 15 राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण अन्तर्गत खानापुरी एवं अन्य प्रक्रम लम्बित रहने के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा द्वारा बताया गया कि लम्बित 15 राजस्व ग्रामों में से 13 राजस्व ग्रामों का नक्शा एवं खतियान नहीं है, जिस कारण उक्त कार्य लम्बित है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा संबंधित को उक्त राजस्व ग्रामों का भ्रमण कर स्थानीय स्तर पर अनुपलब्ध मानचित्र/खतियान की खोज करने, स्थानीय समाचार पत्रों में उक्त के संबंध में विज्ञापन देने एवं निदेशालय के विभिन्न पत्रों द्वारा दिये गए निदेशों का अनुपालन करने का निदेश दिया गया। यह निदेश सभी बन्दोबस्त कार्यालय, बिहार के लिये भी मान्य होगा।

**(अनुपालन – सभी बन्दोबस्त कार्यालय, बिहार)**

6. समीक्षा के क्रम में मुंगेर जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण संचालित कुल 306 राजस्व ग्रामों में से मात्र 1 राजस्व ग्राम का विशेष सर्वेक्षण अन्तर्गत खानापुरी एवं अन्य प्रक्रम लम्बित रहने के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा बताया गया कि उक्त राजस्व ग्राम की सीमा अन्य 3 जिलों से सटे रहने के कारण सीमा–सत्यापन लम्बित है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा उक्त राजस्व ग्राम के सीमा से सटे जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी से समनव्य स्थापित कर उक्त कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर)**

विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण में किये जा रहे कार्यो से संबंधित निम्नवत प्रतिवेदन संबंधित जिले के उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दिया गया।

## SPECIAL SURVEY 2025 :: DISTRICT REPORT : PHASE - 2

| Sl No. | District | Total Anchal | Total Shivir | Total Mauza | Form-1 Upload | Form-1 Upload Rest | Form-2 Upload | Form-2 offline Not Upload | भू–सर्वेक्षण सॉफटवेयर में प्रपत्र–5 में प्रविष्टि की स्थिति: कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–5 में प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–5 में प्रविष्टि पूर्ण किया गया है। | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–5 में प्रविष्टि अपूर्ण है। | Trijuction Validation | Boundary Verification | Boundary Verification % | विशेष सर्वेक्षण अमीनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | | 15 |
| 1 | BEGUSARAI | 8 | 8 | 657 | 657 | 0 | 174311 | 958 | 651 | 501 | 156 | 524 | 520 | 79% | 145 |
| 2 | BHOJPUR | 14 | 14 | 1159 | 1159 | 0 | 1704606 | 260 | 1158 | 1089 | 70 | 71 | 11 | 1% | 238 |
| 3 | BUXER | 11 | 11 | 1109 | 1109 | 0 | 522468 | 0 | 1012 | 1012 | 97 | 113 | 7 | 1% | 229 |
| 4 | DARBHANGA | 18 | 18 | 1238 | 1238 | 0 | 1513570 | 70 | 1238 | 1232 | 6 | 208 | 41 | 3% | 266 |
| 5 | GOPALGANJ | 14 | 14 | 1522 | 1471 | 51 | 890808 | 4391 | 1466 | 1460 | 62 | 125 | 125 | 8% | 243 |
| 6 | KHAGARIA | 3 | 3 | 99 | 99 | 0 | 110494 | 1112 | 99 | 93 | 6 | 87 | 87 | 88% | 29 |
| 7 | LAKHISARAI | 2 | 2 | 53 | 53 | 0 | 10232 | 129 | 53 | 52 | 1 | 52 | 52 | 98% | 20 |
| 8 | MADHEPURA | 9 | 9 | 299 | 299 | 0 | 124009 | 10752 | 299 | 251 | 48 | 121 | 32 | 11% | 83 |
| 9 | MUNGER | 4 | 4 | 470 | 470 | 0 | 130237 | 7432 | 354 | 242 | 228 | 22 | 0 | 0% | 102 |
| 10 | MUZAFFARPUR | 16 | 16 | 1719 | 1719 | 0 | 2086532 | 4367 | 1719 | 1719 | 0 | 328 | 319 | 19% | 356 |
| 11 | NALANDA | 11 | 11 | 574 | 574 | 0 | 186997 | 1723 | 574 | 574 | 0 | 11 | 0 | 0% | 110 |
| 12 | PATNA | 23 | 23 | 1300 | 1300 | 0 | 1039412 | 662 | 1297 | 1297 | 3 | 76 | 76 | 6% | 323 |
| 13 | SAHARSA | 7 | 7 | 317 | 317 | 0 | 501780 | 1505 | 317 | 205 | 112 | 64 | 28 | 9% | 60 |

| Sl. No. | District | Total Anchal | Total Shivir | Total Mauza | Form-1 Upload | Form-1 Upload Rest | Form-2 Upload | Form-2 offline Not Upload | भू—सर्वेक्षण सॉफटवेयर में प्रपत्र—5 में प्रविष्टि की स्थिति | | | Trijuction Validation | Boundary Verification | Boundary Verification % | विशेष सर्वेक्षण अमीनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि पूर्ण किया गया है। | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र—5 में प्रविष्टि अपूर्ण है। | | | | |
| 14 | SAMSTIPUR | 20 | 20 | 1143 | 1143 | 0 | 1374663 | 0 | 1132 | 1132 | 11 | 76 | 26 | 2% | 264 |
| 15 | SARAN | 20 | 20 | 1605 | 1604 | 1 | 1049805 | 3906 | 1588 | 1574 | 31 | 0 | 0 | 0% | 342 |
| 16 | SIWAN | 19 | 19 | 1148 | 1148 | 0 | 808143 | 208 | 1148 | 1126 | 22 | 62 | 62 | 5% | 245 |
| 17 | VAISHALI | 16 | 16 | 1503 | 1503 | 0 | 640886 | 1147 | 1503 | 1503 | 0 | 350 | 350 | 23% | 340 |
| | **Total Count** | 215 | 215 | 15915 | 15863 | 52 | 12868953 | 38622 | 15608 | 15062 | 853 | 2290 | 1736 | 11% | 3395 |

उपरोक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण के कुल 215 चयनित अंचलों के कुल 15915 राजस्व ग्रामों में से अबतक मात्र 2290 राजस्व ग्रामों का त्रिसीमाना सत्यापन एवं 1736 राजस्व ग्रामों का सीमा सत्यापन पूर्ण हुआ है, जो कि अत्यन्त ही खेदजनक है।

उक्त के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिले में संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा पर्याप्त संसाधन/मानव बल उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण सर्वेक्षण कार्य सम्पादन में विलम्ब हुआ है तथा भविष्य में भी विलम्ब होने की संभावना है। विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण संचालित जिलों में संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कार्यालय एवं ETS Machine की उपलब्धता से संबंधित निम्नांकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया –

**बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के अर्न्तगत द्वितीय चरण के 18 जिलों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कार्यालय एवं ई0टी0एस0 मशीन की उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन**

दिनांक 10.11.2025

| क्र0 | जिला का नाम | हवाई सर्वेक्षण एजेंसी का नाम | अंचलों की संख्या | जिला में एजेंसी के कार्यालय की उपलब्धता | जिला में एजेंसी के कार्यालय में कर्मी की संख्या | कार्यरत ई0टी0एस0 मशीन की संख्या | त्रिसीमाना/ग्राम सीमा सत्यापन प्रारंभ राजस्व ग्रामों की संख्या | त्रिसीमाना/ग्राम सीमा सत्यापन पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बेगूसराय | IIC | 8 | हाँ | 8 | 0 | 614/614 | 524/520 | |
| 2 | भोजपुर | ARHAS | 14 | हाँ | 0 | 0 | 1159 | त्रिसीमाना–71<br>ग्राम सीमा सत्यापन–11 | |
| 3 | बक्सर | ARHAS | 11 | हाँ | 3 | 3 | 113 | 7 | |
| 4 | दरभंगा | ARHAS | 18 | हाँ | 6 | 3 | 202 | 41 | |
| 5 | गोपालगंज | ARHAS | 14 | हाँ | 6 | 3 | 222 | 125 | |
| 6 | खगड़िया | IIC | 3 | हाँ | 2 | 1 | 99 | 87 | |

| क्र0 | जिला का नाम | हवाई सर्वेक्षण एजेंसी का नाम | अंचलों की संख्या | जिला में एजेंसी के कार्यालय की उपलब्धता | जिला में एजेंसी के कार्यालय में कर्मी की संख्या | कार्यरत ई0टी0एस0 मशीन की संख्या | त्रिसीमाना / ग्राम सीमा सत्यापन प्रारंभ राजस्व ग्रामों की संख्या | त्रिसीमाना / ग्राम सीमा सत्यापन पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | लखीसराय | IIC | 2 | हाँ | 2 | 1 | पूर्ण | पूर्ण | |
| 8 | मधेपुरा | GISC | 9 | हाँ | 3 | 2 | 239 | 121 / 32 | |
| 9 | मुंगेर | ARHAS | 4 | हाँ | 0 | 2 | 51 | 22 | पिछले एक माह से एजेंसी का कोई प्रतिनिधि कार्यालय में उपस्थित नहीं है। |
| 10 | मुजफ्फरपुर | IIC | 16 | हाँ | 7 | 3 | 651 | त्रिसीमान पूर्ण–328 सीमा सत्यापन पूर्ण–319 | |
| 11 | नालंदा | ARHAS | 11 | हाँ | 10 | 5 | 22 | 11 | |
| 12 | पटना | ARHAS | 23 | हाँ | 10 | 5 | 251 | 76 ग्राम का त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन पूर्ण | |
| 13 | सहरसा | GISC | 7 | हाँ | 5 | 2 | 317 | त्रिसीमाना ग्रामों की सं0–64 सीमा सत्यापन ग्रामों की सं0–28 | |
| 14 | समस्तीपुर | ARHAS | 20 | हाँ | 3 | 1 | 76 / 26 | 76 / 26 | |
| 15 | सारण | ARHAS | 20 | नहीं | 0 | 0 | 0 | 0 | दिनांक 16.06.2025 को अरहास के एक कर्मी शुभम कुमार आये थे। उसके बाद अनुपस्थित है। |
| 16 | सिवान | ARHAS | 19 | हाँ | 4 | 2 | 62 | 62 | |
| 17 | वैशाली | IIC | 16 | बन्दोबस्त कार्यालय, वैशाली में उपलब्ध कराया गया है। | 7 | 5 | 777 | 350 | |

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा रोष व्यक्त करते हुए उपस्थित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों से उनको आवंटित अंचल एवं उक्त के विरूद्ध उपलब्ध कराये गए ETS Machine की संख्या के संबंध में पृच्छा की गयी, जिसके आलोक में उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी प्रतिनिधियों द्वारा निम्नांकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया –

| क्र0 सं0 | एजेंसी का नाम | आवंटित अंचलों की संख्या | उपलब्ध कराये गए ETS Machine की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | आई0आई0सी0 टेक्नोलॉजी | 160 | 45 |
| 2 | अरहास | 240 | 43 |
| 3 | जी0आई0सी0 कॉन्सोर्टियम | 62 | 15 |

उपर्युक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा उनको आवंटित जिले में पर्याप्त ETS Machine उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण विशेष सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण समयबद्ध कार्यक्रम प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा बताया गया कि विगत माह–मई, 2025 में एजेंसियों के साथ नये दर पर एकरारनामा किया गया है एवं सभी जिलों को संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा याचित ETS Machine को उपलब्ध कराने का निदेश कई बार मौखिक एवं लिखित में दिया गया है, परन्तु अबतक इनके द्वारा उक्त कार्य नहीं किया गया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों को तत्काल अपने मुख्य प्रबंधक से दूरभाष पर वार्त्ता कर आवंटित जिलों को कम से कम 01 ETS Machine प्रति अंचल में उपलब्ध कराने हेतु समय–सीमा लिखित में समर्पित करने का निदेश दिया गया। जिसके आलोक में संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा निम्नांकित प्रतिवेदन उपलब्ध करायी गयी –

| क्र0 सं0 | एजेंसी का नाम | आवंटित अंचलों की संख्या | जिलों को ETS Machine उपलब्ध कराने की समय सीमा (प्रति अंचल 01 ETS Machine की दर से) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आई0आई0सी0 टेक्नोलॉजी | 160 | माह–नवम्बर, 2025 के अंत तक सभी शेष 140 ETS Machine अंचलों को उपलब्ध करा दी जायेगी। | – |
| 2 | अरहास | 240 | माह–नवम्बर, 2025 के अंत तक कुल 70 ETS Machine उपलब्ध करा दी जायेगी। | अंचलवार विस्तृत योजना दिनांक 13.11.2025 को समर्पित की जायेगी |
| 3 | जी0आई0सी0 कॉन्सोर्टियम | 62 | माह–नवम्बर, 2025 के अंत तक कुल 30 ETS Machine उपलब्ध करा दी जायेगी। | – |

साथ ही विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम में संबंधित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा पर्याप्त मात्रा में मानवबल, ETS Machine उपलब्धता के संबंध में तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के मुख्य प्रबंधक के साथ दिनांक 17.11.2025 को बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।

## अन्यान्य निदेश –

1. विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण संचालित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों से अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के लम्बित प्रक्रम यथा खानापुरी, भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, प्रपत्र–12, प्रपत्र–20 एवं प्रपत्र–25 को पूर्ण करने की समय–सीमा की पृच्छा की गयी, जिसके आलोक में संबंधित पदाधिकारी द्वारा निम्नांकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया –

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | खानापुरी | प्रपत्र–6 | प्रपत्र–12 | प्रपत्र–20 | प्रपत्र–25 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेगूसराय | 20 जनवरी, 2026 | 20 जनवरी, 2026 | 20 मार्च, 2026 | 20 जून, 2026 | 20 नवम्बर, 2026 |
| 2 | खगड़िया | 15 जनवरी, 2026 | 28 फरवरी, 2026 | 31 मार्च, 2026 | 15 अगस्त, 2026 | 31 मार्च, 2027 |
| 3 | लखीसराय | 31 मार्च, 2026 | 30 जून, 2026 | 30 नवम्बर, 2026 | 31 मार्च, 2027 | 31 अक्टूबर, 2027 |
| 4 | मधेपुरा | 31 जनवरी, 2026 | 30 अप्रील, 2026 | 30 जून, 2026 | 31 अगस्त, 2026 | 31 मार्च, 2027 |
| 5 | मुंगेर | – | 31 मार्च, 2026 | – | 31 मार्च, 2026 | 31 अक्टूबर, 2026 |
| 6 | नालंदा | 31 जनवरी, 2026 | 31 मार्च, 2026 | 31 मार्च, 2026 | 30 जून, 2026 | 31 दिसम्बर, 2026 |
| 7 | सहरसा | 28 फरवरी, 2026 | 30 जून, 2026 | 31 दिसम्बर, 2026 | 31 मार्च, 2027 | 30 सितम्बर, 2027 |
| 8 | शेखपुरा | – | – | 31 दिसम्बर, 2025 | 30 अप्रील, 2026 | 31 अक्टूबर, 2026 |

2. विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय चरण संचालित जिले के उपस्थित पदाधिकारियों से उनके जिले में प्रत्येक अंचल हेतु 01 ETS Machine उपलब्धता की स्थिति में विशेष सर्वेक्षण अन्तर्गत चल रहे प्रक्रमवार कार्यो यथा त्रिसिमाना एवं सीमा सत्यापन, किस्तवार, खानापुरी, भू–सर्वेक्षण पोर्टल में प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, प्रपत्र–12, प्रपत्र–20 एवं प्रपत्र–25 में अंतिम प्रकाशन समापन हेतु समय–सीमा तत्काल उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया, उक्त के आलोक में उपस्थित पदाधिकारियों ने निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराये गए विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया जो निम्नवत है–

## Timeline of Survey

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | त्रिसीमाना एवं बांउड्री | किस्तवार | खानापुरी | प्रपत्र–6 | प्रपत्र–12 | प्रपत्र–20 | प्रपत्र–25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेगूसराय | दिसम्बर, 2025 | जनवरी, 2026 | अप्रील, 2026 | जुलाई, 2026 | अक्टूबर, 2026 | फरवरी, 2027 | अगस्त, 2027 |
| 2 | खगड़िया | दिसम्बर, 2025 | अप्रील, 2026 | अप्रील, 2026 | जून, 2026 | सितम्बर, 2026 | जनवरी, 2026 | सितम्बर, 2026 |
| 3 | लखीसराय | – | – | अप्रील, 2026 | जुलाई, 2026 | नवम्बर, 2026 | अप्रील, 2027 | दिसम्बर, 2027 |
| 4 | मधेपुरा | जनवरी, 2026 | अप्रील, 2026 | सितम्बर, 2026 | दिसम्बर, 2026 | अप्रील, 2027 | जुलाई, 2027 | दिसम्बर, 2027 |
| 5 | मुंगेर | अप्रील, 2026 | जून, 2026 | सितम्बर, 2026 | दिसम्बर, 2026 | मार्च, 2027 | जून, 2027 | दिसम्बर, 2027 |
| 6 | नालंदा | फरवरी, 2026 | मई, 2026 | अगस्त, 2026 | फरवरी, 2027 | मई, 2027 | सितम्बर, 2027 | मार्च, 2028 |
| 7 | सहरसा | फरवरी, 2026 | अप्रील, 2026 | अगस्त, 2026 | दिसम्बर, 2026 | मार्च, 2027 | जून, 2027 | दिसम्बर, 2027 |
| 8 | शेखपुरा | – | – | – | – | जनवरी, 2026 | जून, 2026 | दिसम्बर, 2026 |
| 9 | पटना | मार्च, 2026 | जून, 2026 | अक्टूबर, 2026 | जनवरी, 2027 | मई, 2027 | दिसम्बर, 2027 | जुलाई, 2028 |
| 10 | गोपालगंज | अप्रील, 2026 | जून, 2026 | अगस्त, 2026 | अक्टूबर, 2026 | जनवरी, 2027 | जून, 2027 | दिसम्बर, 2027 |
| 11 | सिवान | मार्च, 2026 | जून, 2026 | अगस्त, 2026 | दिसम्बर, 2026 | मई, 2027 | अगस्त, 2027 | जनवरी, 2028 |
| 12 | सारण | फरवरी, 2026 | मई, 2026 | अगस्त, 2026 | अक्टूबर, 2026 | जनवरी, 2027 | अप्रील, 2027 | नवम्बर, 2027 |
| 13 | मुजफ्फरपुर | मार्च, 2026 | जून, 2026 | दिसम्बर, 2026 | मार्च, 2027 | सितम्बर, 2027 | मार्च, 2028 | अक्टूबर, 2028 |
| 14 | बक्सर | फरवरी, 2026 | मई, 2026 | अगस्त, 2026 | नवम्बर, 2026 | अप्रील, 2027 | अक्टूबर, 2027 | अप्रील, 2028 |

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | त्रिसीमाना एवं बांउड्री | किस्तवार | खानापुरी | प्रपत्र–6 | प्रपत्र–12 | प्रपत्र–20 | प्रपत्र–25 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | भोजपुर | जनवरी, 2026 | मई, 2026 | मई, 2026 | अगस्त, 2026 | जनवरी, 2027 | जुलाई, 2027 | जनवरी, 2028 |
| 16 | वैशाली | अप्रील, 2026 | सितम्बर, 2026 | जनवरी, 2027 | मई, 2027 | दिसम्बर, 2027 | मई, 2028 | नवम्बर,, 2028 |
| 17 | दरभंगा | जून, 2026 | अगस्त, 2026 | नवम्बर, 2026 | जनवरी, 2027 | मार्च, 2027 | जून, 2027 | दिसम्बर, 2027 |
| 18 | समस्तीपुर | मार्च, 2026 | जून, 2026 | अक्टूबर, 2026 | फरवरी, 2027 | मई, 2027 | दिसम्बर, 2027 | जून, 2028 |

बैठक में उपस्थित बन्दोबस्त पदाधिकारी को विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत सभी प्रक्रमों को पूर्ण करने की निदेशालय को उपलब्ध करायी गयी उपरोक्त समय–सीमा का प्रक्रमवार/माहवार विस्तृत कार्य–योजना/प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार अपने जिले के सम्बद्ध हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं संबंधित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक प्रक्रम का माहवार विस्तृत कार्य–योजना तैयार करेंगे तथा उक्त अयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी/कर्मी की उपस्थिति विवरणी, आयोजित बैठक की कार्यवाही सहित निदेशालय द्वारा उपलब्ध कराये गए कार्य–योजना संबंधित विहित प्रपत्र में समेकित विवरणी दर्ज कर निदेशालय को उपलब्ध करायेगें।

**(अनुपालन – सभी बन्दोबस्त कार्यालय, बिहार/सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी)**

3 अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार के साथ दिनांक 24.11.2025 को उनके जिले में चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक प्रक्रम का निदेशालय को उपलब्ध कराये गए माहवार विस्तृत कार्य–योजना की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – विशेष सर्वेक्षण कोषांग)**

4. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी उनके जिले में उपलब्ध ETS Machine एवं मानवबल का शत–प्रतिशत उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त हेतु यदि संबंधित विशेष सर्वेक्षण अमीन जो राजस्व महाअभियान में स्कैनिंग कार्य हेतु अंचलों में प्रतिनियुक्त है, को भी आवश्यकतानुसार वापस बुलाकर संबंधित राजस्व ग्राम का सीमा सत्यापन एवं त्रिसिमाना सत्यापन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालन – सभी बन्दोबस्त कार्यालय, बिहार)**

अंत में निदेशालय द्वारा निर्गत वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन–2024–25 का लोकार्पण अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा करते हुए सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

20/11

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 7116 **पटना, दिनांक:** 20/11/2025

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/11

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 7116 **पटना, दिनांक:** 20/11/2025

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव/संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/11

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 7116 **पटना, दिनांक:** 20/11/2025

**प्रतिलिपि** : श्री दीपक श्रीवास्तव, विशेषज्ञ सलाहकार,/प्रिंस कुमार/कुणाल किशोर, प्रोग्रामर/हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ATPL, GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/11

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 7116 पटना, दिनांक: 20/11/2025
**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/11
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10/2022 7116 पटना, दिनांक: 20/11/2025
**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

20/11
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप